# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-200 सागवाड़ा, सोमवार, 28 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## नकली घी के शक में सील डेयरी को खोलकर लिए सैंपल, पिकअप से पकड़े 44 टीन की जांच, 280 रुपए किलो में बेचता था घी

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के पुनाली गांव में नकली घी के शक में सील की गई डेयरी की सोमवार को जांच हुई। डेयरी से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घी के सैंपल ले लिए हैं। वही पकड़ी गई पिकअप में भरे 44 टीन की जांच भी की जा रही है। डेयरी संचालक घी को असली बताकर 280 रुपए किलो के भाव से बेच रहा था। डूंगरपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर अजय मॉयल ने बताया की दोवड़ा थाना पुलिस ने कल पुनाली बस स्टैंड पर अमूल दूध डेयरी पर नकली घी के शक में कार्रवाई की थी। डेयरी को सील कर पिकअप को जब्त किया था। पिकअप में 15-15 किलो के 44 टीन भरे हुए मिले थे। फूड इंस्पेक्टर अजय मॉयल ने बताया की कार्रवाई के बाद पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी थी। पुलिस की सूचना पर आज स्वास्थ्य विभाग की टीम पुनाली गांव पहुंची। इस दौरान डेयरी की सील खोलकर अंदर भरे हुए घी के सैंपल लिए गए है। इन सैंपल को जांच के लिए लेबोरेट्री में भेजा जाएगा। लैब से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं फूड इंस्पेक्टर ने दुकान में भरे हुए मिलावटी घी के 12 लीटर टिन को मौके पर डिस्ट्रॉय करवाया गया।फूड इंस्पेक्टर ने बताया की डेयरी संचालक प्रवीण पाटीदार निवासी पुनाली ने पूछताछ में 280 रुपए किलो के भाव के असली घी बताकर बेचा जा रहा था। इस घी को गुजरात से लाकर बेचना बताया है। स्वास्थ्य विभाग अब घी में किस तरह की मिलावट की जाती थी। इसका पता लगाने के प्रयास कर रहा है। सीएमएचओ ने बताया की नकली घी के खाने से कई तरह की बीमारियां हो सकती है। इसलिए लोग नकली घी को खाने से बचे। सीएमएचओ ने बताया की खाने पीने के मिलावटी सामान के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## सुथार समाज सागवाड़ा की वार्षिक बैठक एवं नवीन कार्यकारिणी गठन

**सागवाड़ा।** श्री गुजराती मेवाडा सुथार समाज चौखला सागवाड़ा की वार्षिक बैठक समाज के नोहरे में रविवार को हुई। समाज के अध्यक्ष रविंद्र सुथार द्वारा समस्त पंच महानुभाव, नवयुवकों एवं मातृशक्ति का स्वागत किया। वित्तीय वर्ष 2021-22 के सामाजिक खाते की आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। समाज के उत्थान, फ़िज़ूल खर्ची को रोकने, शिक्षा, रोज़गार, उद्योग के लिए प्रोत्साहन देने एवं समाज हित में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विचार विमर्श किया गया। साथ ही समाज की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष धर्मेंद्र नानुलाल, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चुन्नीलाल, संरक्षक नर्वदाशंकर, सचिव कवित अशोक को सचिव नियुक्त किया। संचालन जितेंद्र देवशंकर ने किया और आभार अजय दामोदर ने जताया। बैठक में धनेश्वर, लालशंकर, डायालाल, कमलाशंकर, राजेश, ओमप्रकाश, आनंद, अशोक, पंकज, मनोहर, रूपेश, जितेंद्र, समस्त नवयुवक एवं मातृशक्ति मौजूद रहे।

## कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान, प्रभारी व राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यालय में ली बैठक

**डूंगरपुर।** कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत डूंगरपुर जिले के प्रभारी एवं राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक ने कांग्रेस कार्यालय में आज कार्यकर्ताओ की बैठक ली। बैठक में पारीक ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगो को अभियान से जोड़ने का आव्हान किया है। कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी व राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। डूंगरपुर कांग्रेस कार्यालय पहुचने पर पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद ओर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भरत नागदा सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रभारी सुशील पारीक का स्वागत किया। इसके बाद राज्यमंत्री सुशील पारीक ने कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर पदाधिकारियों की बैठक ली और जिले में अभियान की प्रगति का फीडबैक लिया। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सुशील पारीक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट से कर्मचारियों सहित हर वर्ग के लोग खुश है।वही बेहतरीन बजट के बाद प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में अच्छा माहौल बना है। इस माहौल को भुनाते हुए जिले में अधिक से अधिक लोगो को डिजिटल अभियान के जरिये कांग्रेस से जोड़ना है। पारीक ने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक चुनाव 2022 के तहत शुरू किए गए सदस्यता अभियान को डूंगरपुर जिले में सफल बनाना है इसके लिये कार्यकर्ता ओर पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र जुट जाए। बैठकके बाद सुशील पारीक मीडिया से भी रूबरू हुए और कहा कि डूंगरपुर आदिवासी इलाका है ओर भौगोलिक परिस्थियां भी डिजिटल अभियान के अनुकूल नही है। ऐसे में यंहा डिजिटल के साथ-साथ ऑफलाइन सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा तथा जिले में एक से डेढ़ लाख लोगों को कांग्रेस से जोड़ा जाएगा।

## अरुणांचल प्रदेश में परशुराम कुण्डस्थली बनेगी ब्राह्मणों की सबसे बड़ी तीर्थ स्थली

**सागवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन जिला सागवाड़ा जिलाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया की 26 व 27 मार्च को नाथद्वारा घोषणा पत्र में 11 प्रस्ताव पारित किये। सर्व प्रथम अरुणांचल प्रदेश स्थित परशुराम कुण्डस्थली बनेगी ब्राह्मणों की सबसे बड़ी तीर्थ स्थली।केंद्र व अरुणांचल सरकार के साथ विप्र फाउंडेशन की इस कुंड क्षेत्र के विकास में अहम भागीदारी रहेगी 51 फीट ऊंची भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा 10 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। इस क्षेत्र विकास हेतु मावली विधायक राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी को मुख्य संरक्षक बनाकर एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। प्रतिमा ओर तीर्थ का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कर कमलों से कराने का निर्णय लिया गया। 8 जनवरी 2023 में जयपुर में 5 लाख विप्र समागम के साथ जय जय राजस्थान सम्मेलन की घोषणा हुई। प्रशासनिक सेवाओं की कोचिंग करने वालो के लिए दिल्ली में आवास ओर भोजन व्यवस्थाओं में सहयोग। मानव सेवा कार्यो में 1 मई 2022 को संस्था के 13 वे स्थापना दिवस पर 13000 यूनिट रक्तदान गो गंगा गीता और गायत्री युक्त जीवन शैली अपनाने वाले संस्कारोदय अभियान में तेजी। समाज मे फिजूल खर्ची व अप संस्कृति प्रसार पर रोक का अभियान। विप्र समाज के उच्च शिक्षित बच्चों के विवाह के लिए बेडलोक सेवा प्रारम्भ की जावेगी। सेंटर फॉर एक्सीलेंस का जयपुर में 50 हजार स्कावयर फिट में निर्माण अगले 1 वर्ष में पूर्ण करना।

## डूंगरपुर के देवेंद्र गर्ल्स स्कूल में बदमाशों ने तोड़े खिड़कियों के शीशे, सीसीटीवी कैमरे

### प्रिंसिपल ने कहा - टूटे परकोटे से अंदर आते है बदमाश

**डूंगरपुर।** शहर के देवेंद्र गर्ल्स स्कूल में असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया है । बदमाशो ने स्कूल की खिड़कियों के शीशे और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए है । इससे स्कूल को भारी नुकसान हुआ है। स्कूल की प्रिंसिपल ने कोतवाली थाना पुलिस को रिपोर्ट दी है। वही प्रिंसिपल ने स्कूल में बदमाशों को रोकने टूटी दीवार को बनाने की मांग रखी है। शहर की देवेंद्र गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल दीपिका द्विवेदी ने असामाजिक तत्वों ने स्कूल में जमकर तोड़फोड़ और उत्पात मचाया है । प्रिंसिपल ने बताया की आज सोमवार को स्कूल खुला तो स्कूल में जगह जगह टूट फूट और गंदगी मिली। असामाजिक तत्व स्कूल के पीछे की तरफ के टूटे परकोटे से अंदर घूसे। इस दौरान असामाजिक तत्वों ने स्कूल में लगे शिक्षाप्रद बैनर, फ्लैक्स फाड़ दिए। स्कूल के सभी कमरों में खिड़कियों पर लगे शीशे तोड़ दिए। वहीं स्कूल में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। बदमाशो ने कैमरे भी तोड़ दिए है। वही कुछ केमरे चोरी कर ले गए। प्रिंसिपल ने बताया पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दी है, लेकिन पुलिस अब तक बदमाशो को पकड़ नहीं पाई है। प्रिंसिपल दीपिका द्विवेदी ने बताया की बदमाश स्कूल के पीछे की तरफ टूटे परकोटे से अंदर आते है। आए दिन रात के समय स्कूल में गंदगी और तोड़फोड़ करते है। स्कूल के टूटे परकोटे को नया बनाने को लेकर राज्यसभा सांसद मद से बजट भी आ गया है, लेकिन पीडबल्यूडी की ओर से परकोटा बनाने में देरी से बदमाश स्कूल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रिंसिपल ने कोतवाली थाना पुलिस को फिर एक रिपोर्ट दी है बदमाशो को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी है। वही सार्वजनिक निर्माण विभाग से परकोटे को जल्द बनाने की मांग की है।

## ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, बैंक और डाकघरों में 50 करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रभावित

**डूंगरपुर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का असर सोमवार को डूंगरपुर जिले में भी देखने को मिल रहा है। हड़ताल के तहत डूंगरपुर जिले में ट्रेड यूनियनों से जुड़े बैंक और डाकघरों के कर्मचारी 2 दिन की हड़ताल पर उतर गए है। हड़ताल से दोनों जगहों पर 50 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेनदेन प्रभावित हुआ है। वहीं व्यापारिक वर्ग समेत कई लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल के तहत डूंगरपुर जिले में भी ट्रेड यूनियनों से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी विभिन्न मांगो को लेकर आज से दो दिन की हड़ताल पर उतर गए है। जिसमे डूंगरपुर ग्रामीण बैंक व डाकघरों के कार्मिक भी शामिल है। बैंक व डाकघरों के कार्मिको हड़ताल से रहने पर ग्रामीण बैंक और डाकघरों में कामकाज पूरी तरह से ठप्प रहा। अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहनलाल कलाल ने बताया की ट्रेड यूनियनों की मांग पर 28 व 29 मार्च को दो दिन की सांकेतिक हड़ताल रखी गई है। डूंगरपुर पोस्ट ऑफिस में ट्रेड यूनियन से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। हड़ताल से बैंक समेत डाक के काम, पोस्टल बैंक, कैश डिपोजिट, चेक क्लीयरेंस समेत कई काम नहीं होंगे। डूंगरपुर डाक मंडल से जुड़े डूंगरपुर व बांसवाड़ा के 562 डाकघरों में हड़ताल है। इनमें कर्मचारी कोई भी काम नहीं करेंगे। हड़ताल से पोस्ट में करीब 25 करोड़ रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ।

वहीं सरकारी बैंको में ट्रेड यूनियनों से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी काम पर नहीं आए। कर्मचारियों के ड्यूटी पर नहीं रहने से बैंको में भी कामकाम नही हो सका। क्लियरिंग स्टाफ के नहीं होने से बैंको में करीब 25 करोड़ का काम ठप्प हो गया। ट्रेड यूनियन निजीकरण को बंद करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने समेत कई मांग कर रहे है।

## भारतीय काल गणना ही पूर्ण वैज्ञानिक - विकास राज

**सागवाड़ा।** भारतीय काल गणना ही पूर्ण वैज्ञानिक है। यह बात भारत माता मंदिर बांसवाड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विकासराज ने महिला समन्वय बैठक के कहीं। उन्होंने कहां कि आज जो हम अंग्रेजी कैलेंडर को अपना रहे हैं उसके महीनों के नाम का कोई आधार नहीं है। इसमें कुछ महीनों में कितने दिन होने चाहिए इसका कोई आधार नहीं है जैसे जनवरी में 31 फरवरी में 28 या 29 जुलाई में 31 अगस्त में भी 31 दिन। वर्ष की शुरुआत का संबंध किसी खगोलीय घटना से नहीं है।

अक्टूबर-नवंबर दिसंबर जो कि एक जमाने में आठवां नौवां और दसवां महीना हुआ करते थे आज वे दसवां 11 और 12 वा महीना बन चुके हैं। ना ही किसी भी एक महीने की शुरुआत का किसी भी खगोलीय घटना से संबंध है।



जबकि विक्रम संवत भारतीय नववर्ष से जुड़ी हुई कई ऐतिहासिक और वैज्ञानिक घटनाएं हैं। जबकि विक्रम संवत भारतीय नववर्ष से जुड़ी हुई कई ऐतिहासिक और वैज्ञानिक घटनाएं हैं जिस आधार पर हम इस पर गौरव का अनुभव कर सकते हैं हमारी आने वाली पीढ़ी को समाज को इस कालगणना को जानना चाहिए तथा पहचानना चाहिए। सृष्टि की रचना का प्रारंभिक दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है। नवरात्रि का प्रारंभ इसी दिन होता है।भगवान विष्णु का प्रथम अवतार इसी दिन हुआ है। महर्षि गौतम का जन्म दिवस है। विक्रम संवत का शुभारंभ दिवस है। वरुणा अवतार संत झूलेलाल जी का जन्म दिवस है। आर्य समाज का स्थापना दिवस है। भगवान श्री राम जी का राज्याभिषेक दिवस है। विक्रमादित्य जी का राज्याभिषेक दिवस है। संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार जी का जन्मदिवस है। इस आधार पर हम इस पर गौरव का अनुभव कर सकते हैं हमारी आने वाली पीढ़ी को समाज को इस कालगणना को जानना चाहिए तथा पहचानना चाहिए इस पर गर्व अनुभव करना चाहिए। इस माह में हम चारो ओर प्रकृति एक नवीन रूप लिए है साल में कभी कोई फूल हमे देखने नही मिलते है अभी लहलहाते दिख रहे है पुराने पत्ते झड़ कर नई कोपलों का आना मानो नव वर्ष के स्वागत के लिए आतुर हो । इस अवसर पर रमेश बृजवासी, कमलाकांत सेठ, निशा जोशी, ममता अधिकारी मौजूद रहे। विभाग प्रचार प्रमुख अमित चौधरी ने बताया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर शनिवार 2 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा का आयोजन है जो दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगा। कुशलबाग मैदान से शोभायात्रा प्रारंभ होगी इसमें सभी सहभागी बने।

## बड़लिया में मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव 12 से

सागवाडा। निकटवर्ती बड़लिया गांव में बेणेश्वरधाम के महंत अच्युतानंद महाराज के सानिध्य में 12 अप्रैल से नव कुण्डात्मक महारुद्र याग एवं भैरव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। लेउवा पाटीदार समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन में 12 अप्रैल को गणपति पूजन, पुण्यावाचन, मातृका पूजन, नांदी श्राद्ध, वर्धिनी पूजन, वरणार्चन, मंडप प्रवेश, प्रासाद वास्तु, अग्नि स्थापना, आरती व प्रसाद होगा। 13 को स्थापित देवता पूजन, कुटीर हवन, महारुद्र स्वाहाकार, मूर्ति शोभायात्रा, धान्याधिवास, आरती व प्रसाद होगा। 14 क स्थापित देवता पूजन, महारुद्र स्वाहाकार, जलाधिवास, मूर्ति न्यास, शान्ति पुष्टि हवन, आरती व प्रसाद होगा। 15 को स्थापित देवता पूजन, प्रासाद सनयन, शिखर, ध्वज दण्ड, मूर्तिप्रतिष्ठा, स्थापित देवताओं का हवन के बाद यज्ञ की पूर्णाहुति व महा आरती होगी।

## बिछीवाडा थाना पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का गोदाम

### 8.50 लाख कीमत के 164 कार्टन अवैध शराब के किये बरामद, आरोपी फरार

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने संचिया फला भगोरा में दबिश देकर अवैध शराब के एक गोदाम पर कार्रवाई की है। पुलिस ने गोदाम से हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 164 कार्टन जब्त किये है। जब्त शराब की कीमत 8 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। इधर पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिए सूचना मिली संचिया भगोरा फला में एक व्यक्ति ने अपने कब्जे में अवैध शराब छुपाकर रखी है। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर थानाधिकारी रणजीत सिंह, कांस्टेबल लोकेंद्र सिंह और कांस्टेबल गोवर्धनलाल की टीम संचिया के भगोरा फला में पहुंची। पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार 42 वर्षीय मोहनलाल पुत्र लक्ष्मणलाल भगोरा मीणा के पक्के कमरे पर दबिश दी। इस दौरान कमरे की तलाशी में अवैध शराब के कार्टन भरे हुए थे। कमरे में रखी शराब हरियाणा निर्मित पाई गई, जिसे गुजरात तस्करी के लिए रखा हुआ था। पुलिस ने शराब को जब्त कर गिनती की तो विभिन्न ब्रांड की 164 पेटी शराब बरामद की है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब साढ़े 8 लाख 50 हजार रुपए की बताई जा रही है।

इधर पुलिस को आरोपी मोहनलाल भगोरा मौके से फरार हो गया। बिछीवाडा थाना पुलिस ने कमरे में मौजूद अवैध शराब को जब्त करते हुए थाने पहुंचाया। इधर बिछीवाडा पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर आरोपी मोहनलाल की तलाश शुरू कर दी है।

## कार्यकर्ता मायूस, बड़े नेताओं की आपसी खींचतान में कार्यकर्ताओं के कार्य नहीं हो रहे

### सीमलवाड़ा में कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**सीमलवाड़ा।** राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री सुशील पारीक डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे जहां पर सीमलवाड़ा एवं चिखली ब्लॉक की संयुक्त बैठक में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान फीडबैक लिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने की। मुख्य अतिथि राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री सुशील पारीक ने अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि इस देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस है जिसकी रीति और नीति जनमानस में बसी हुई है, ऐसे में हम सब को नैतिक जिम्मेदारी के साथ पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का दायित्व बखूबी निभाना पड़ेगा। बैठक के दौरान विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट बाल गोविंद पाटीदार, एसटी सेल के जिला महामंत्री कारी लाल मीणा का दर्द भी छलक गया। उन्होंने कहा कि आज कार्यकर्ता मायूस नजर आ रहा है, बड़े नेताओं आपसी खींचतान में लगे हुए हैं, ऐसे में कार्यकर्ताओं के कार्य नहीं के बराबर हो रहे हैं। पार्टी दो गुटों में बिखरी हुई है ऐसे में सच्चा



कांग्रेसी सिपाही अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। चिखली ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान ने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर आज तक किसी ने भी कोई जानकारी नहीं दी है और ना ही ऑफलाइन सदस्यता को लेकर सदस्यता बुक उपलब्ध कराई है। सीमलवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार ने कहा कि कुछ स्वार्थी नेता लोगों को आपस में भिड़ा रहे है, एमएलए के दावेदार घोषित कर रहे हैं, वो कांग्रेस पार्टी के समर्थित नेता नही हो सकते। पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा ही सभी को साथ लेकर चलती है, कुछ दरारें पड़ सकती है लेकिन इसका इलाज भी कार्यकर्ताओं के हाथों में है। चुनाव आरक्षण की वजह से एसटी नेता ही लड़ेगा, लेकिन नेताओं के आपस में टकराहट पैदा की जा रही है। वक्ताओं ने कहां कि हमारी व कार्यकर्ताओं की आवाज को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक पहुंचाई जाए। साथ ही एसटी सेल के जिला महामंत्री कारी लाल मीणा ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो चुनाव में किसी भी बुथ पर कांग्रेस का एजेंट मिलना मुश्किल हो जाएगा। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियकांत पंड्या, पूर्व प्रधान महेंद्र बरजोड़, रूप शंकर त्रिवेदी, दिलीप सर्राफ, मानव गुप्ता, अरविंद डामोर, प्रेमचंद भगोरा, अमृत लाल कलाल, उदय लाल बंजारा, चिखली ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर सिंह, सीमलवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, शाहिद बंगा , कन्हैया लाल कलाल, सविता पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन ब्लॉक महामंत्री सुरेश भोई ने किया। आभार पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा ने जताया।